लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**LOK SABHA SECRETARIAT SETS UP CONTROL ROOM IN PARLIAMENT HOUSE TO COORDINATE EFFORTS OF MPs/MLAs IN FIGHT AGAINST CORONA PANDEMIC**

...

**SETTING UP OF CONTROL ROOM IS IN PURSUANCE OF DECISION OF LOK SABHA SPEAKER DURING VIDEO CONFERENCE WITH PRESIDING OFFICERS OF STATE LEGISLATURES**

...

**New Delhi, 25 April 2020:** On the initiative of Lok Sabha Speaker Shri Om Birla during a Video Conference with Presiding Officers of State Legislatures on 21 April 2020, a Control Room has been set-up in Lok Sabha Secretariat with immediate effect with a view to facilitate quicker interface between MPs, MLAs and the public for emergency assistance in the fight against COVID-19.

It may be recalled that during the above-mentioned Video Conference of Shri Birla with the Presiding Officers, the situation arising out of the Corona pandemic was also discussed extensively. Referring to the role and efforts of MPs and MLAs/MLCs across the country to provide relief to the people during the onslaught of the pandemic, Shri Birla had emphasized that the Parliament and State Legislatures stand firmly with the Executive, and the Members of Parliament and MLAs/MLCs shall remain at the forefront in our national effort to contain its spread.

During the interaction, Shri Birla had also called upon all the State Legislatures to set up control rooms for real time information exchange between the various State Legislatures and the Parliament, which would allow MPs/MLAs/MLCs to discharge their duties in a more effective manner in order to fight the challenge posed by COVID 19.

In pursuance of the aforesaid decision, a Control Room has started functioning with immediate effect in Parliament House. The particulars of the Control Room are as follows :

Control Room - Tel. No. +911123035160, +911123035163

Rajasthan, Haryana, Odisha, Delhi ,Uttarakhand, Madhya Pradesh have become first states wherein Control Rooms have been set up in their respective Legislature Secretariats. The Control Rooms have already started functioning.

**लोक सभा सचिवालय ने कोरोना महामारी का मुक़ाबला करने के लिए सांसदों/विधायकों के प्रयासों को समन्वित करने के लिए संसद भवन में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया**

--

**लोक सभा अध्यक्ष की राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार इस नियंत्रण कक्ष को स्थापित किया गया**

--

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 2020** : 21 अप्रैल, 2020 को राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की पहल पर लिए गए निर्णय के अनुसार लोक सभा सचिवालय में तत्काल प्रभाव से एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य कोविड-19 का मुक़ाबला करने के लिए तुरंत सहायता पहुंचाने के लिए सांसदों, विधायकों और आम जनता के बीच शीघ्र संपर्क स्थापित करने में मदद करना है ।

स्मरण रहे कि श्री बिरला की पीठासीन अधिकारियों के साथ हुई उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कोरोना महामारी से उत्पन्न हुई स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा हुई थी । इस महामारी के दौरान आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए देश में सांसदों और विधायकों/विधान परिषद के सदस्यों की भूमिका और प्रयासों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि संसद और राज्य विधानमंडल कार्यपालिका के साथ खड़े हैं तथा सांसद और विधायक/विधान सभा परिषद के सदस्य इस महामारी को फैलने से रोकने के राष्ट्रीय प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

बातचीत के दौरान श्री बिरला ने सभी राज्य विधानमंडलों से अनुरोध किया था कि वे विभिन्न राज्य विधानमंडलों और संसद के बीच जानकारी के रियल टाइम आदान प्रदान के लिए एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना करें जिससे सांसदों /विधायकों/विधान परिषद के सदस्यों को कोविड 19 से उत्पन्न स्थिति का मुक़ाबला करने के लिए अपने कर्तव्य अधिक प्रभावी ढंग से निभाने में मदद मिले ।

उक्त निर्णय के अनुसार संसद भवन में तत्काल प्रभाव से एक नियंत्रण कक्ष ने कार्य करना शुरू कर दिया है । इस नियंत्रण कक्ष का ब्योरा इस प्रकार है :

(i) नियंत्रण कक्ष – दूरभाष . +911123035160, +911123035163

राजस्थान, हरियाणा, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश राज्य विधानमंडलों ने अपने-अपने विधानमंडल सचिवालयों में सबसे पहले नियंत्रण कक्ष स्थापित किये हैं जिन्होने कार्य करना शुरू कर दिया है ।